शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा-2, जगदलपुर, जिला-बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिन- 494001
बहुविषयी शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (MERU)

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattigarh, India, Pin - 494001
Multidisciplinary Education and Research University (MERU)

उतिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान् निबोधत

पीएम-उषा PM-USHA

(Accredited by NAAC)

क्रमांक / 3664 / श.म.क.वि.वि. / सा.प्रशा. / 2026 जगदलपुर, दिनांक 14 / 10 / 2026

प्रयोगशाला परिचारक (चतुर्थ श्रेणी) के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर (छ.ग.) में रिक्त पदों पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी मूल निवासी और निर्धारित योग्यताधारी अभ्यर्थियों से **दिनांक 16.10.2026 से दिनांक 04.11.2026 रात्रि 11:59 PM** तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इस हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in पर दिए गये लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। भर्ती संबंधी सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.smkvbastar.ac.in पर प्रकाशित की जाएगी।

1. ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभिक तिथि – 16.10.2026 (शुक्रवार)
2. ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि – 04.11.2026 (बुधवार) रात्रि 11:59 PM तक
3. ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार – 05.11.2026 से 07.11.2026, रात्रि 11:59 PM तक

2. पदों का विवरण

क्र.	पद का नाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से महिलाओं के लिये आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की संख्या में से दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पद	समाज कल्याण विभाग द्वारा पदवार चिन्हांकित दिव्यांगता की उपयुक्तता के प्रकार	कुल रिक्त पदों का योग
		अनारक्षित	अजजा	अजा	अ.पि.व.	अनारक्षित	अजजा	अजा	अ.पि.व.	अनारक्षित	अजजा	अजा	अ.पि.व.			
1	प्रयोगशाला परिचारक	10	08	03	03	03	02	-	-	01	-	-	-	01	AAV, OL, DW, BL, LC, HH, OA, MD, SD, SI	-
	कुल–	**10**	**08**	**03**	**03**	-	-	-	-	-	-	-	-	-		**24**

ABBREVIATIONS :- AAV-Acid Attack Victim, OL-One Leg, DW-Dwarfism, BL-Both Leg, LC-Leprosy Cured, HH-Hard of Hearing, OA-One Arm, MD-Multiple Disabilities, SD-Spinal Deformity, SI-Spinal Injury

3. आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं, वेतनमान, निर्देश एवं शर्तें :–

प्रयोगशाला परिचारक :–

वेतनमान–रू. 5200–रू. 20200 (रू. 1800 ग्रेड पे), वेतन मेट्रिक्स लेवल–03

श्रेणी–चतुर्थ

किसी मान्यता प्राप्त मण्डल / संस्था से 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण। कक्षा 12वीं में रसायन शास्त्र अनिवार्य विषय के रूप में अध्ययन किया हो।

4. ऑनलाईन आवेदन एवं त्रुटि सुधार करने की प्रक्रिया :–

4.1 आवेदन करने के पूर्व विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें तथा पात्र होने पर ही आवेदन करें।

4.2 विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in में Career → Recruitment Portal → Applicant Login → New Registration पर Click करें एवं ऑनलाईन पंजीयन करें।

4.3 पंजीयन के पश्चात अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। जिसे Applicant Login में क्लिक कर पुनः यूजर आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से Login करेंगे।

4.4 My Applications में जाकर Select Advertisement Number → Select Non Teaching Post → Apply for Selected Post में क्लिक कर आवेदित पद का चयन करेंगे।

4.5 Personal Information पर चाही गई समस्त जानकारी सही–सही दर्ज करें एवं Save & Continue बटन पर Click करें।

4.6 इसी प्रकार, Educational Qualifications में जाकर उत्तीर्ण परीक्षा आदि की जानकारी Add करें।

4.7 Document Details में क्लिक कर जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, अन्य अर्हता प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि अपलोड करें।

4.8 Upload Photo and Signature में क्लिक कर अभ्यर्थी 30 KB से 100 KB की साईज तक अपना नवीनतम रंगीन, पासपोर्ट साईज फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करें।

4.9 Exam Center Preference में क्लिक कर परीक्षा केन्द्र के लिए जिलों का चयन करेगें।

4.10 Preview and Confirm पर क्लिक कर भरी गई सम्पूर्ण जानकारी का अवलोकन करें एवं किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार करें।

4.11 समस्त जानकारी सही होने पर Proceed to Payment पर क्लिक कर इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन शुल्क का भुगतान करें। शुल्क भुगतान करते समय इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई का उपयोग सावधानी पूर्वक करें। भुगतान करते समय किसी भी प्रकार की आर्थिक क्षति/नुकसान होने पर विश्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात्, शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

4.12 अभ्यर्थी द्वारा आवेदन करने में यदि त्रुटि हुई हो तो उसे सुधारने हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के अंतिम तिथि के पश्चात् समय दिया गया है इस दौरान अभ्यर्थी को त्रुटि सुधार स्वयं करना होगा। त्रुटि सुधार की अवधि विज्ञापन के प्रारंम्भिक पैराग्राफ में दी गई है।

4.13 श्रेणी सुधार के मामलों में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा आरक्षित वर्ग के रूप में भरे गए अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र में सुधार कर उसे अनारक्षित वर्ग किया जाता है तो उसे शुल्क के अन्तर की राशि का भुगतान करना होगा। किन्तु अनारक्षित वर्ग के रूप में भरे गए ऑनलाईन आवेदन पत्र को आरक्षित वर्ग में परिवर्तन की स्थिति में शुल्क के अन्तर की राशि वापस नहीं की जायेगी।

4.14 अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अपने पास अनिवार्यतः सुरक्षित रखें।

4.15 ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिये हेल्पलाईन नं. 07314851316 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा ईमेल आईडी smkvhelpdesk@gmail.com में ईमेल कर सकते हैं।

5. महत्वपूर्ण निर्देश एवं शर्ते :–

भर्ती नियम :–

5.1 यह विज्ञापन विश्वविद्यालय के अशैक्षणिक पदों के लिए सेवा भर्ती नियम/परिनियम/संशोधित विनियम–91 का अनुपालन करते हुये प्रकाशित किया जा रहा है।

5.2 रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि या कमी की जा सकती है जिसके लिए कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन शुल्क :–

5.3 आवेदन शुल्क के रूप में अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थी रू 500/– एवं अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थी को रू 300/– की राशि का ऑनलाइन भुगतान, ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय करेंगे।

मूल निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र :–

5.4 अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। दस्तावेज सत्यापन के दौरान अभ्यर्थी को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.5 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.6 छत्तीसगढ़ राजपत्र क्रमांक 104 नवा रायपुर, बुधवार दिनांक 25 फरवरी 2026 के अंतर्गत दिव्यांगजनों से संबंधित निर्देश निम्नानुसार है :–

(i) किसी भी पहचाने गये पद के संबंध में सेवा में नियुक्ति के समय राज्य मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र के प्रमाणिकता की पुष्टि अनिवार्य होगी तदपश्चात् अभ्यर्थी की उपयुक्तता की जांच विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

(ii) विश्वविद्यालय में सीधी भर्ती के प्रक्रम में भरे जाने वाले पदों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारी बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति को ही दिया जायेगा।

अर्हता प्रमाणन एवं चयन :–

5.7 समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूलप्रतियाँ दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.8 यदि अभ्यर्थी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य कर रहे हों तथा अनुभव का लाभ प्राप्त करना चाहते हों तो अनुभव प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.9 आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएं पूर्ण होने अथवा पात्र की श्रेणी में सम्मिलित होने मात्र से ही अभ्यर्थी नियुक्ति का हकदार नहीं होगा।

5.10 अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन प्रस्तुत करें। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जाएगी। इस संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी।

5.11 विज्ञापन की अंतिम तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है। किसी भी परिस्थिति में बाद की तिथि के प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

5.12 त्रुटिपूर्ण आवेदनों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जाएगी। ऐसे आवेदन तत्काल अमान्य कर दिये जाऐंगे।

आयु सीमा :–

5.13 उपरोक्त विज्ञापित सभी पदों के लिए अभ्यर्थी की आयु शासनादेश क्रं. GENCOR-35010/3486/2026-GAD-3 नवा रायपुर, दिनांक 12.10.2026 के अनुसार दिनांक 01.01.2026 को 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये तथा छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर के पत्र No. RULE/644/2025-GAD-3 नवा रायपुर दिनांक 16.09.2026 के अनुसार सभी प्रकार के छूट को सम्मिलित करने के पश्चात् अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

5.14 आयु संबंधी प्रमाण हेतु जन्म प्रमाण पत्र अथवा कक्षा 10वीं की अंकसूची की मूलप्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

अनापत्ति प्रमाण पत्र :–

5.15 छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत शासन के अधीन कार्यरत शासकीय/अर्धशासकीय आवेदक सीधे आवेदन कर सकते हैं, परन्तु इसके तुरंत पश्चात् उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख को अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन भी करना होगा। अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन के दौरान अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5.16 राज्य शासन/केन्द्र शासन द्वारा सेवा से बर्खास्त व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

परीक्षा केन्द्र :–

5.17 ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को सुविधा अनुसार निम्नांकित जिलों में से दो जिलों में लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र का चुनाव करना होगा :–

1. बस्तर (जगदलपुर)	2. दंतेवाड़ा	3. बीजापुर	4. सुकमा	5. कोण्डागाँव
6. नारायणपुर	7. कांकेर	8. रायपुर	9. बिलासपुर	10.सरगुजा (अंबिकापुर)

चुनाव किये गये दो जिलों मे से किसी एक जिला में अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र आबंटित किया जायेगा। परन्तु चयनित अभ्यर्थियों की कौशल/प्रायोगिक परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जायेगी।

6. परीक्षा पद्धति :–

6.1 सभी पदों पर नियुक्ति किये जाने हेतु कुल 150 अंको की परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जायेगी।

(i) लिखित परीक्षा (120 अंक, समय : 2 घण्टे)

भाग–1

छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान	–	10 अंक
सामान्य हिन्दी	–	10 अंक
सामान्य अंग्रेजी	–	10 अंक
सामान्य गणित एवं तार्किक योग्यता	–	10 अंक

भाग–2

सामान्य विज्ञान एवं कम्प्यूटर ज्ञान	–	80 अंक
योग (i)=(भाग–1+भाग–2):		120 अंक
(ii) कौशल/प्रायोगिक परीक्षा	–	30 अंक
कुल योगः		150 अंक

सारणी–1 : परीक्षा पद्धति एवं चयन प्रक्रिया

क्र.	पद का नाम	लिखित परीक्षा (60 अंक : गणना कंडिका 7.4 के अनुसार)	कौशल/प्रायोगिक परीक्षा (30 अंक) 1 पद = 10 अभ्यर्थी	श0म0क0 वि0वि0 बस्तर में कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों का कार्य अनुभव (10 अंक)	मेरिट सूची (लिखित परीक्षा + कौशल/प्रायोगिक परीक्षा + अनुभव)= (100 अंक)
1	प्रयोगशाला परिचारक	✓	✓	✓	मेरिट के आधार पर चयन

6.2 परीक्षा के आयोजन की तिथि, समय एवं परीक्षा केन्द्र की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.smkvbastar.ac.in पर प्रकाशित की जायेगी।

6.3 उपरोक्त लिखित परीक्षा संलग्न किये पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित की जायेगी (संलग्नक–1)।

6.4 कौशल/प्रायोगिक परीक्षा का पाठ्यक्रम, मूल्यांकन एवं अन्य दिशा निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर शीघ्र ही पृथक से अपलोड किया जायेगा।

6.5 लिखित परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा।

6.6 लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र में 120 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर का 01 अंक देय होगा। अभ्यर्थियों को इन प्रश्नों को हल करने हेतु 02 घण्टे का समय दिया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिये प्रश्न के नीचे 04 विकल्प लिखे होंगे। अभ्यर्थी को 04 विकल्पों में से 01 सही विकल्प का चयन करना होगा। इस प्रकार, अभ्यर्थी द्वारा चुने गये सही विकल्प को उत्तर शीट (ओ.एम.आर.) में नीले/काले डॉट पेन से गोला को पूर्णतः भरना होगा।

6.7 किसी प्रश्न के एक से अधिक सही विकल्प होने की स्थिति में विषय विशेषज्ञों के निर्णयानुसार सभी सही विकल्प मान्य होंगे।

6.8 मुख्य ओ.एम.आर उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका की द्वितीय प्रति अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जायेगी।

6.9 परीक्षा समाप्ति के उपरान्त सही उत्तर कुंजी (Key) विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर जारी की जायेगी। परीक्षा उपरान्त जारी सही उत्तर कुंजी (Key) पर आपत्ति होने पर नियत अवधि के भीतर दावा/आपत्ति दर्ज करना होगा। दावा आपत्ति दर्ज करने की विस्तृत प्रक्रिया पृथक से जारी की जायेगी।

6.10 परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक की सूचना अभ्यर्थियों के लॉगइन में अपलोड की जायेगी।

6.11 परीक्षा परिणाम जारी होने के पश्चात् सही उत्तर कुंजी (Key) पर किसी भी प्रकार का पुनः दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा।

6.12 विश्वविद्यालय द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन मशीन के द्वारा किया जायेगा। अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।

7. चयन प्रक्रिया :–

7.1 लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा के प्राप्तांक को जोड़कर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

7.2 लिखित परीक्षा में न्यूनतम 30% अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर 01 पद के विरूद्ध 10 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/प्रायोगिक परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

7.3 कौशल/प्रायोगिक परीक्षा के कुल पूर्णांक का न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

7.4 सम्बधित पद पर चयन 100 अंकों की मेरिट के आधार पर होगा। मेरिट सूची निम्न परीक्षायें/अनुभव में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जायेगी :–

1. लिखित परीक्षा	:	अधिकतम 60 अंक
2. कौशल/प्रायोगिक परीक्षा	:	अधिकतम 30 अंक
3. शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के दैनिक वेतन भोगियों का कार्य अनुभव	:	अधिकतम 10 अंक
कुल पूर्णांक	:	100 अंक

लिखित परीक्षा के पूर्णाक 120 में से प्राप्तांक के अधिकतम 60 अंकों के सापेक्ष अनुपात में परिवर्तित अंक की गणना निम्नाकिंत सूत्र के द्वारा की जायेगी :–

120 अंकों की लिखित परीक्षा हेतु –

$$\text{लिखित परीक्षा के अंतिम अंक} = \left(\frac{\text{120 में से प्राप्तांक}}{120}\right) \times 60$$

7.5 लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्राप्तांको को दशमलव के बाद के दो अंको तक रॉऊण्ड ऑफ करके मेरिट की गणना में शामिल किया जायेगा। इस प्रकार, पद/पदों पर नियुक्ति संयुक्त मेरिट के आधार पर की जायेगी।

7.6 यदि दो अभ्यर्थियों के संयुक्त मेरिट मे समान अंक प्राप्त होते है, तो ऐसी स्थिति में जन्मतिथि को आधार मानकर चयन में वरीयता निर्धारित की जाएगी। जिस उम्मीदवार की जन्मतिथि पहले होगी उसको चयन में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इस प्रकार उपरोक्त परिस्थितियों में अभ्यर्थियों का चयन निर्दिष्ट सिद्धांत के अनुसार किया जाएगा।

7.7 आरक्षण नियम का पालन किया गया है।

7.8 चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थी द्वारा चयन समिति के सदस्यों को किसी भी प्रकार के अनुचित माध्यमों से प्रभावित करने की कोशिश करने या अनावश्यक दबाव डालने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

7.9 चयन के पूर्व सभी दस्तावेजों के सत्यापन हेतु मूल प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी को बुलाया जाएगा।

8. चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात निर्देश एवं शर्तें :–

8.1 विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है। ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8.2 चयन उपरांत यदि अभ्यर्थी के द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी अथवा प्रस्तुत दस्तावेज असत्य पाये जाते हैं तो उसकी नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी। साथ ही वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

8.3 चयनित अभ्यर्थी को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही सेवा में लिया जाएगा।

8.4 चयनित अभ्यर्थी का चरित्र सत्यापन पुलिस अधीक्षक से कराया जाएगा और पुलिस अधीक्षक से अयोग्य प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उसकी नियुक्ति निरस्त की जाऐगी।

8.5 चयनित अभ्यर्थी को यह शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध कोई विधिक कार्यवाही या पुलिस प्रकरण/जांच संस्थित नहीं है।

8.6 चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।

8.7 इस विज्ञप्ति में उल्लेखित पदों तथा शर्तों की व्याख्या, किसी भी समय नियुक्ति से संबंधित प्रक्रिया को स्थगित करने, निरस्त करने, अन्य शर्तें विहित करने तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, छत्तीसगढ़ को होगा, जो अभ्यर्थी पर पूर्णतः बन्धनकारी होगा।

8.8 विज्ञापन से संबंधित वाद एवं विधिक कार्यवाही माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के अंतर्गत होगी।

(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)

प्रभारी कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/3665/श.म.क.वि.वि./सा.प्रशा./2026 जगदलपुर, दिनांक 14/10/2026

प्रतिलिपिः–

1 माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, लोक भवन, रायपुर छत्तीसगढ़ को सादर सूचनार्थ।

2 सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3 आयुक्त, संचालनालय उच्च शिक्षा विभाग, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

4 माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

5 आईसीटी सेल, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

6 जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

7 कार्यालयीन नस्ती।

सहायक कुलसचिव
(सामान्य प्रशासन)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

संलग्नक – 01

परीक्षा पाठ्यक्रम – लैब अटेन्डेंट/प्रयोगशाला परिचारक पद हेतु

छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान :– छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आन्दोलन। छत्तीसगढ़ का भूगोल, जलवायु, भौतिक दशाएं, जनगणना, पुरातात्विक एवं पर्यटन सिलि। छत्तीसगढ़ की जनजातियां, कला, संस्कति, अर्थव्यवस्था, वन एवं कृषि। छत्तीसगढ़ का प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज। छत्तीसगढ़ में उद्योग, ऊर्जा, जल एवं खनिज संसाधन। भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं।

सामान्य हिन्दीः– स्वर, व्यंजन, वर्तनी। लिंग, वचन, काल। संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया का व्यवहारिक प्रयोग। समास–रचना एवं प्रकार। संधि–स्वर, व्यंजन व विसर्ग संधि। व्याकरणिक अशुद्धियाँ। शब्द प्रकार, तत्सम तत्भव, देशज, विदेशी। पर्यायवाची, विलोमार्थी, अनेकार्थी शब्द, अनेक शब्दों या वाक्यांश के लिए एक शब्द। मुहावरे व लोकोक्तियॉ।

General English:- Number, Gender, Articles. Pronoun, Adjectives, Verb. Use of Some important Conjuctions. Use of Some important Prepositions. Active / Passive Voice. Direct / Indirect Narration. Synonyms / Antonyms. One word substitution. Spellings.

सामान्य गणित एवं तार्किक योग्यता :– तर्क करना, संबंध देखना, एनालॉजी अंकिक योग्यता आदि। विषमता पहचानना, अंकिक श्रेणी, अक्षर श्रेणी, अक्षर अंक। चित्रों द्वारा संबंध देखना, सांकेतिक भाषा। छुपे हुए चित्र, वर्ग एवं अंक गणितीय संक्रियाएं। विभिन्न प्रकार के पैटर्न आदि।

संम्बधित विषय :– सामान्य विज्ञान एवं कम्प्यूटर ज्ञान का पाठ्यक्रम संलग्न किया जा रहा है।

सामान्य विज्ञान एवं कम्प्यूटर ज्ञान

रसायन– रासायनिक अभिक्रिया की दर एवं रासायनिक साम्य–रासायनिक अभिक्रिया की दर का प्रारंभिक ज्ञान, तीव्र एवं मंद रासायनिक अभिक्रियाएं, धातुएं–आवर्त सारिणी में धातुओं की स्थिति एवं सामान्य गुण, धातु, खनिज अयस्क, खनिज एवं अयस्क में अंतर। धातुकर्म– अयस्कों का सांद्रण, निस्तापन, भर्जन, प्रगलन एवं शोधन, कॉपर एवं आयरन का धातुकर्म, धातुओं का संक्षारण, मिश्र धातुएं। अधातुएं– आवर्त सारणी में अधातुओं की स्थिति एवं सामान्य गुण, कुछ महत्वपूर्ण कार्बनिक यौगिक, कुछ सामान्य कृत्रिम बहुलक, पॉलीथीन, पाली विनाइल क्लोराइड, टेफ्लान, साबुन एवं अपमार्जक ।

भौतिकी– प्रकाश–प्रकाश की प्रकृति, प्रकाश का परावर्तन, परावर्तन के नियम, समतल एवं वक्र सतह से परावर्तन, समतल, उत्तल एवं अवतल दर्पण द्वारा प्रतिबिम्ब रचना, फोकस दूरी तथा वक्रता त्रिज्या में संबंध, गैसों में विद्युत विसर्जन, सूर्य में ऊर्जा उत्पत्ति के कारण, विद्युत और इसके प्रभाव–विद्युत तीव्रता, विभव–विभवान्तर, विद्युत धारा, ओम का नियम, प्रतिरोध, विशिष्ट प्रतिरोध, प्रभावित करने वाले कारक, प्रतिरोधों का संयोजन एवं इसके आंकिक प्रश्न, विद्युत धारा का उष्मीय प्रभाव, इसकी उपयोगिता, शक्ति एवं विद्युत ऊर्जा व्यय की गणना (आंकिक) विद्युत प्रयोग में रखी जाने वाली सावधानियां, प्रकाश विद्युत प्रभाव, सोलर सेल, संरचना, P-N संधि, डायोड।

जीव विज्ञान– परिवहन–पौधों में जल एवं खनिज लवण का परिवहन, जन्तुओं में परिवहन (मानव के संदर्भ में) रुधिर की संरचना तथा कार्य, हृदय की संरचना तथा कार्यविधि (प्राथमिक ज्ञान) प्रकाश संश्लेषण– परिभाषा, प्रक्रिया के प्रमुख पद, प्रकाश अभिक्रिया एवं अंधकार अभिक्रिया। श्वसन–परिभाषा, श्वसन एवं श्वासोच्छवास, श्वसन के प्रकार, आक्सी श्वसन एवं अनाक्सी श्वसन, मनुष्य का श्वसन तंत्र एवं श्वसन प्रक्रिया। मनुष्य का पाचन तंत्र एवं पाचन प्रक्रिया (सामान्य जानकारी) नियंत्रण एवं समन्वय मनुष्य का तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क एवं मेरुरज्जू की संरचना एवं कार्य, पौधे एवं जन्तुओं में समन्वय पादप हार्मोन, अन्तः–स्त्रावीग्रन्थियां हार्मोन एवं कार्य। प्रजनन एवं वृद्धि– प्रजनन के प्रकार, अलैंगिक प्रजनन, विखण्डन, मुकलन एवं पुनरुदभवन, कृत्रिम वर्धी प्रजनन, स्तरीकरण, कलम लगाना, ग्राफ्टिंग, अनिषेक प्रजनन, पौधों में लैंगिक प्रजनन अंग, पुष्प की संरचना एवं प्रजनन प्रक्रिया (सामान्य जानकारी) परागण, निषेचन। मानव प्रजनन तंत्र तथा प्रजनन प्रक्रिया (सामान्य जानकारी) अनुवांशिकी एवं विकास–अनुवांशिकी एवं भिन्नताएं, अनुवांशिकता का मूल आधार गुण सूत्र एवं DNA।

कम्प्यूटर ज्ञान– कम्प्यूटर का उपयोग कम्प्यूटर का उपयोग कहॉ–कहॉ एवं किस लिए किया जाता है। इसकी सामान्य जानकारी। कम्प्यूटर के प्रमुख भाग – सी.पी.यू. इनपुट डिवाईस, आउटपुट डिवाईस की सामान्य जानकारी। प्रिंटर के प्रकार – इंकजेट, लेजरजेट एवं अन्य प्रकार के प्रिंटर। आपरेटिंग सिस्टम के नाम – MS DOS, कमर्शियल एवं ओपन सोर्स, आपरेटिंग सिस्टम के नाम। कार्यालय के उपयोग के लायक सामान्य माईक्रोसॉफ्ट आफिस के अंतर्गत वर्ड, एक्सेल एवं पॉवर पॉइंट की जानकारी। इंटरनेट के उपयोग – ई–मेल, डाक्यूमेंट सर्चिंग, वेवसाईट सर्फिंग विभिन्न सरकारी विभागों के वेबसाईट की सामान्य जानकारी। एंटीवायरस के उपयोग – कम्प्यूटर वायरस से होने वाले नुकसान एवं कम्प्यूटर वायरस की सामान्य जानकारी। मल्टीमीडिया के उपयोग– ऑडियों, वीडियों एवं टेक्स्ट का उपयोग करने की सामान्य जानकारी। सी.डी./डी.व्ही.डी. से संबंधित सामान्य जानकारी। गूगल, अलविस्ता, यू–ट्यूब की सामान्य जानकारी – सर्च इंजिन से वांछित जानकारी कैसे प्राप्त की जाए इसकी सामान्य जानकारी आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की सामान्य जानकारी।

General Science and Computer Knowledge

CHEMISTRY :- Rate of chemical reaction and chemical equilibrium - Preliminary knowledge of rate of chemical reaction. Fast and slow chemical reactions. Metals - Position of metals in the periodic table and general properties. Metal, mineral ore. Difference between mineral and ore. Metallurgy-concentration, roasting, smelting, refining of ores. Metallurgy of copper and Iron. corrosion of metals. Alloys. Nonmetals - Position of nonmetals in the periodic table and general Properties. Some important organic compounds, some general artificial polymers, polythene, polyvinyl chloride. Teflon soap and detergents.

PHYSICS :- Light - nature of light, reflection of light, law of reflection, reflection from plane and curved surface, image formation by plane, convex and concave mirror, relation between focal length and radius of curvature, electric discharge in gases, causes of origin of energy in the Sun, Electricity and its effects - electric intensity, potential- potential difference, electric current Ohm's law. Resistance, specific resistance, influencing factors, combination of resistance and related numerical questions, thermal effect of current and it's uses, calculation of power and electrical energy spent. (numerical) precautions observed in electric experiments, Photo electric effect, Solar Cell, Structure, PN Junction, Diode,

BIOLOGY :- Transport: transport of mineral and water in plants and animals [in context of human being], structure and function of blood, structure and working of heart, [preliminary knowledge], Photosynthesis- Definition, main steps of the process. light reaction and dark reaction, Respiration - Definition, breathing and respiration, Types of respiration, Aerobic and anaerobic respiration, respiratory organs of animals respiratory system of human being and mechanism of respiration, Human digestive system and digestive process [General information], Control and coordination - Nervous system of human being. Structure and function of human Brain and spinal cord, coordination in plants and animal Phytohormones, endocrine glands hormone and their function. Reproduction and growth - type of reproduction Asexual reproduction, fission, budding, regeneration, artificial vegetative reproduction, layering, cutting, grafting, Parthenogenesis, sexual reproduction in plants, structure of flower and reproduction process, [general information] pollination, fertilization. Human reproductive system and reproduction process. [general information], Heredity and evolution - heredity and variation. Fundamental basis of heredity chromosome and DNA.

Computer Knowledge:- Use of computers—where computers are used and for what purposes. General information about their use. Main Parts of a Computer: General information about the CPU, input devices, and output devices. Types of Printers: Inkjet, LaserJet, and other types of printers. Names of Operating Systems: Names of commercial and open-source operating systems. Microsoft Office: General information about Microsoft Office applications commonly used for office work, including Word, Excel, and PowerPoint. Uses of the Internet: E-mail, document searching, website surfing/browsing, and general information about the websites of various government departments. Use of Antivirus: General information about computer viruses, the damage caused by computer viruses, and the use of antivirus software. Uses of Multimedia: General information about the use of audio, video, and text. CD/DVD: General information related to CDs and DVDs. Google, AltaVista, and YouTube: General information about Google, AltaVista, and YouTube, and general information about how to obtain the required information using search engines. Artificial Intelligence: General information about Artificial Intelligence (AI).